हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 2 जनवरी 2026

04 कालाबाजारी पर रोक लगाने लाइन का झंझट खत्म...



07 नप में व्यवसायिक भवनों से सामान्य...





### पुलिस की रही पहरेदारी,वाहनों,होटल, ढाबों की जांच की, बनाए शराबियों के चालान

# वर्ष 2026 का पहला दिन आराध्य के दर्शन और धार्मिक अनुष्ठान में बीता, दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अंग्रेजी नववर्ष 2026 का पहला दिन गुरुवार को अपने आराध्य देव के दर्शन कर बीता नर्मदा घाटों सहित जिले के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। सेठानी घाट सहित नर्मदा के विभिन्न घाटों पर भक्ति की बयार बही। नर्मदा स्नान कर भगवान की पूजा अर्चना की गई। इसके अलावा नए साल के पहले दिन जिले के रहवासी धार्मिक अनुष्ठान के लिए नर्मदा घाट और शहर के मंदिरों में परिवार सहित पहुंचे। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान कर दान पुण्य का लाभ कमाया। 31 तारीख के बाद 1 जनवरी लगते ही नर्मदापुरम में दीपावली जैसा माहौल नजर आया। वहीं पुलिस के कड़े पहरे ने हुड़दंग करने वालों पर कड़ी नजर रखी। जगह-जगह चौक चौराहो पर पुलिस का पहरा था। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले भी पुलिस की पकड़ में आएं।

जिले में वर्ष 2026 की पहली सुबह मंदिरों और नर्मदाघाटों पर भक्तों की गुजरी। चलते रहे अनुष्ठान।



### पुलिस रही पहरदारी पर

नववर्ष 2026 को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं अनुशासित वातावरण में मनाए जाने के उद्देश्य से पूर्व में ही जिले के समस्त थाना प्रभारियों, यातायात शाखा एवं संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट एवं सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। इन निर्देशों के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया कि नववर्ष पूर्व संध्या पर शराब पीकर वाहन चलाने, तेज़ गति, लापरवाहीपूर्ण ड्राइविंग, अवैध शराब विक्रय तथा ध्वनि प्रदूषण जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाए।

### नशे में वाहन चलाते चालकों पर कार्रवाई

**सोहागपुर।** सोहागपुर थाना क्षेत्र में गत रात्रि शोभापुर रोड पर पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 04 वाययू 0589 एवं बाइक क्रमांक एमपी 05 एमएफ 1153 के चालक नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए। दोनों चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत प्रकरण दर्जकर दोनों ही वाहन जप्त किये गए हैं। पिकअप चालक रोहित दीवान निवासी हथवास पिपरिया व बाइक चालक सौरव रघुवंशी निवासी कलमेशरा पर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई है। 31 दिसंबर 2025 को भी सोहागपुर थाना क्षेत्र में चार वाहन चालकों के खिलाफ अपने-अपने वाहनों को शराब पीकर चलाते पाए जाने पर 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई है। इसके अलावा जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में भी हुड़दंग कर जश्न मनाने वालों पर कानून का शिकंजा कसा रहा।

### पहले ही सचेत किया था पुलिस ने

प्रवर्तनात्मक कार्रवाई से पूर्व नर्मदापुरम पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, समाचार पत्रों एवं अन्य मुख्यधारा मीडिया माध्यमों के ज़रिये आम नागरिकों को पूर्व सूचना एवं जागरुकता संदेश जारी किए गए। इन संदेशों के माध्यम से नागरिकों से अपील की गई कि वे शराब पीकर वाहन न चलाएँ, यातायात नियमों का पालन करें तथा नववर्ष का उत्सव शांतिपूर्ण एवं जिम्मेदार ढंग से मनाएं।

### होटल, ढाबों पर भी जांच

इस विशेष अभियान में थाना कोतवाली क्षेत्र द्वारा सर्वाधिक 11 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान कई स्थानों पर पुलिस कर्मियों द्वारा बॉडी-वॉर्न कैमरों का उपयोग किया गया, जिससे संपूर्ण कार्रवाई पारदर्शी, निष्पक्ष एवं प्रमाणिक बनी रही। नववर्ष के अवसर पर अवैध शराब विक्रय एवं अन्य अनियमितताओं की रोकथाम हेतु जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में संचालित कुल 182 होटल एवं ढाबों की जांच की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष सतर्कता बरती गई, जिसमें थाना देहात द्वारा सर्वाधिक 15 ढाबों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

### कमिश्नर ने दी नववर्ष की शुभकामनाएं



नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने आज 1 जनवरी नव वर्ष की पावन बेला पर एक अनोखी पहल की। उन्होंने आयुक्त कार्यालय के सभी कर्मचारियों के टेबल पर पहुंचकर उन सभी कर्मचारियों को नूतन नव वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवार को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा की नववर्ष में आप और आपका परिवार स्वस्थ सुखद और सुरक्षित रहे। ईश्वर की कृपा सदैव सभी लोगों पर बनी रहे। कमिश्नर श्री तिवारी ने कहा कि नव वर्ष 2026 सभी कर्मचारियों और उनके परिवार एवं प्रिय जनों के जीवन में नई ऊर्जा नई आशाएं और अपार खुशियां लेकर आए। आप के सभी संकल्प पूर्ण हो और हर दिन एक नई सफलता एवं उपलब्धियां से परिपूर्ण रहे।

### नपाध्यक्ष ने नववर्ष की शुभकामनाओं से की सुनवाई



नर्मदापुरम। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने हेतु प्रत्येक गुरूवार को जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। जिससे हर जनसुनवाई में आवेदकों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। यहां तक कि अब पार्षद भी अपने वार्डों के नागरिकों की समस्याओं का समाधान कराने जनसुनवाई में पहुंच रहे हैं। आज जनसुनवाई में उपयंत्रीगण सहित नपा का स्टाफ उपस्थित रहा। नपाध्यक्ष और सीएमओ द्वारा की गई सुनवाई के दौरान नाली, सफाई, पेयजल की समस्याएं आर्इं जिनका त्वरित समाधान कराया गया। जनसुनवाई के दौरान नगरपालिका स्टाफ द्वारा गुलदस्ता भेंट कर नपाध्यक्ष एवं सीएमओ को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी।पतंगें बिजली

### 68 वाहन चालकों पर कार्रवाई



उक्त निर्देशों के अनुपालन में नववर्ष पूर्व संध्या पर जिलेभर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों, राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग की गई। अभियान के अंतर्गत धारा 185 मोटरयान अधिनियम के तहत शराब के नशे में वाहन चलाने वाले कुल 68 वाहन चालकों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किए गए, जिनमें कार एवं दोपहिया वाहन शामिल हैं। सभी संबंधित वाहनों को जब्त किया गया है तथा प्रत्येक वाहन चालक पर नियमानुसार न्यूनतम रू 10,000/- का अर्थदंड आरोपित किया जाएगा।

# खुलासाः एक तरफा प्रेम बना नाबालिग की हत्या का कारण

### दो दिन की तलाशी में मिला नाबालिग का शव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एक तरफा प्यार में नर्मदापुरम में सिरफिरे आशिक ने एक युवती को मौत के घाट उतार दिया। हत्या से पहले आरोपी ने नाबालिग से दुष्कर्म किया था। गुरूवार को पुलिस ने नाबालिग की हत्या के कारणों का खुलासा किया। कोतवाली पुलिस के अनुसार नाबालिग की हत्या के पहले आरोपी ने नर्मदा नदी किनारे नाबालिग से दुष्कर्म किया फिर उसका गला रेतकर साक्ष्य छिपाने उसे नर्मदा नदी में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी आकाश सोलंकी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक 31 दिसंबर को नाबालिग का शव मिला था। जिसके के बाद परिजनों से चर्चा में की जिसमें पता चला कि नाबालिग का फोन बंद आने पर परिवार परेशान था। जिसके बाद नाबालिग के परिजनों ने उसकी सहेली को कॉल कर पूछा। जिस पर उसने बताया कि रात को वह अपने एक दोस्त के साथ घूमने का कहकर निकली थी। एसडीओपी जितेंद्र पाठक ने बताया 29 दिसंबर को कोतवाली थाने में नाबालिग लड़की के लापता होने की शिकायत दर्ज हुई।

### पुलिस को गुमराह करता रहा आरोपी

परिजनों ने आरोपी आकाश सोलंकी पर शंका जताई थी। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने गुमराह करने की कोशिश की। आरोपी ने लड़की के नर्मदा ब्रिज से कूदकर आत्महत्या करने की कहानी बताई। दोबारा पूछताछ करने पर आरोपी अलग-अलग मनगढ़ंत कहानियां सुनाकर पुलिस को गुमराह करता रहा। इससे यह स्पष्ट हुआ कि किशोरी के साथ कोई गंभीर घटना घटित हुई है। इसी आधार पर पुलिस की थाना कोतवाली टीआई कंचन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में टीम बनाई। टीम ने एसडीईआरएफ के सहयोग से नर्मदा नदी एवं आसपास के क्षेत्रों में तलाश की। दो दिन की तलाशी के बाद बुधवार को ग्राम रंढाल के पास नाबालिग का शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव का जिला अस्पताल नर्मदापुरम में पोस्टमॉर्टम कराया गया। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर केस में धारा 64, 103 भारतीय न्याय संहिता एवं 5/6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया।

### एकतरफा प्रेम करता था

पुलिस को विवेचना में तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मदद मिली। पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित की गई। साक्ष्यों के आधार पर संदेही आकाश का पुलिस ने अभिरक्षा में लिया। इसके बाद पुलिस ने 18 वर्षीय आरोपी पूछताछ की जिसमें आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि आरोपी पीड़िता नाबालिग से एकतरफा प्रेम करता था।

### बातचीत की बंद

10-12 दिन से नाबालिग ने आरोपी से बातचीत बंद कर दी थी, जिससे नाराज होकर आरोपी आकाश ने उसे आखिरी बार घूमने के बहाने बुलाया। बहला-फुसलाकर रात में बुधनी रोड स्थित नर्मदा ब्रिज के नीचे ले गया और उससे दुष्कर्म किया। हत्या खुलासा टीआई कंचन सिंह, उनि संजीव पवार पथरौटा, उनि विशाल नागवे, उनि अनुज बघेल सउनि संजय रघुवंशी, उनि सविता गंजाम आदि ने किया।

### मप्र कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी जिले में कल आएंगे

नर्मदापुरम। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने बताया की मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी का 3 जनवरी दिन शनिवार को भोपाल से सड़क मार्ग से होते हुए दोपहर 1:00 बजे ग्राम निमसाड़िया एवं दोपहर 2:00 भीलाखेड़ी मैं आगमन होगा। सर्वप्रथम निमसाडिया में जीतू पटवारी ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी गठन के कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं किसानों के साथ चर्चा करेंगे। कांग्रेस जनों से मुलाकात करेंगे । प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी ने बताया कि पटवारी विभिन्न अनिल रैकवार ग्राम पंचायतों में कांग्रेस कमेटी गठन के कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं किसानों से चर्चा करेंगे।

## चेतावनीः पतंगों के धागों से बना रहता है हादसों का डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाना सूर्य आराधना से जुड़ा पर्व कहलाता है। इसी सूर्य अपनी दिशा परिवर्तित करते है इस कारण वेदों और पुराणों में पतंग उड़ाने का महत्व मिलता है। हालांकि वर्तमान परिस्थिति में पतंग उड़ाने के दिशा-निर्देश सरकार की ओर से जारी किए जाते है। नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर आने वाले मकर संक्रांति के त्यौहार में बिजली कंपनी ने पतंगबाजी को बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोल से दूर रखने की अपील की है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया कि पतंगों और उनके धागों के कारण बिजली की लाइनों में फॉल्ट हो सकता है, जिससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि हादसे का भी खतरा बना रहता है। प्रबंध संचालक ने स्पष्ट किया कि पतंगों में इस्तेमाल होने वाले धागे और बांस की कीमची, दोनों ही बिजली की लाइनों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि पतंगबाजी करते समय सावधानी बरतें और लाइनों, ट्रांसफार्मरों तथा पोल से दूर पतंग उड़ाएं, ताकि मकर संक्रांति का त्यौहार सुरक्षित और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। कंपनी ने यह भी चेतावनी दी है कि बिजली के तारों या पोल में फंसी पतंग को निकालने का प्रयास न करें।

## अवैध रेत और मिट्टी के परिवहन में उपयोग होने वाले वाहनों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध खनिज विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग द्वारा सतरस्ता नर्मदापुरम क्षेत्र से रेत खनिज के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली आयशर-485 (बिना नंबर) को जप्त कर पुलिस थाना देहात नर्मदापुरम की अभिरक्षा में रखा गया। इसी क्रम में नारायण नगर पुलिया, नर्मदापुरम से रेत खनिज के अवैध परिवहन में प्रयुक्त 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली (बिना नंबर) को जप्त किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम पवारखेड़ा से रेत खनिज के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली आयशर-485 (बिना नंबर) को जप्त कर पुलिस थाना देहात नर्मदापुरम की अभिरक्षा में रखा गया। वहीं ग्राम सिलारी, तहसील पिपरिया से मिट्टी खनिज के अवैध उत्खनन में प्रयुक्त 01 जेसीबी मशीन एवं 02 डम्पर जप्त किए गए। उक्त कार्यवाहियों के दौरान दिवेश मरकाम, जिला खनि अधिकारी, पिंकी चौहान, खनि निरीक्षक नर्मदापुरम, कृष्णकांत सिंह परस्ते, प्रभारी खनि निरीक्षक, हेमंत राज, सिपाही खनिज एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहा। जप्त किए गए वाहनों एवं मशीनरी के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## 14 से 18 साल के किशोरों से काम करवाना कानूनन अपराध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बाल श्रम की पहचान एवं विमुक्ति की कार्यवाही के उद्देश्य से गुरुवार को शोभापुर स्थित ढाबा-होटल एवं अन्य व्यावसायिक संस्थानों में संयुक्त जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान श्रम विभाग के नेतृत्व में पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग के सहयोग से संचालित किया गया।

अभियान के दौरान संस्थानों में बाल श्रम रोकथाम संबंधी स्टीकर लगाए गए तथा नियोजकों को बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। निरीक्षण के समय यह स्पष्ट किया गया कि 14 वर्ष तक के बालकों का किसी भी प्रकार के कार्यों में नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित है। साथ ही 14 से 18 वर्ष तक के किशोरों को खतरनाक श्रेणी के कार्यों-जैसे खाने, ज्वलनशील पदार्थों, विस्फोटकों एवं अन्य परिसंकटमय प्रक्रियाओं-में नियोजन करना कानूनन अपराध है। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि बालक के किसी भी संस्थान में नियोजन एवं किशोर श्रमिकों का खतरनाक उद्योगों में नियोजन संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है। उल्लंघन पाए जाने पर दोषी नियोजक को न्यूनतम 6 माह से अधिकतम 2 वर्ष तक का कारावास व जुर्माने का प्रावधान है।

## शिव पुराण कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राम मंदिर,दतवासा तहसील डोलरिया में शोभायात्रा के साथ शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। कथा व्यास भागवत भूषण डॉ आचार्य पुष्कर परसाई ने शोभायात्रा के पश्चात शिव भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि शिव पुराण की कथा हमें उपदेश देती है कि शिव पर विश्वास होना जरूरी है। शिव विश्वास रूप हैं ये शिव महादेव है कि शिव करुणा अवतार रहे हैं शिव की प्राप्ति भक्ति के रुपी श्रद्धा के बिना संभव नहीं है शिव ब्रह्म है शिव देव नहीं महादेव है शिव देवताओं के भी गुरु है शिव दैत्यों के भी गुरु है आचार्य श्री ने इसके पश्चात कहा कि ने कहा कि शिव पुराण की कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। उन्होंने कहा कि हमें भगवान शिव की भक्ति उनकी गाथाओं का श्रवण



करना चाहिए, ताकि हमारा मानस जन्म सुखमय बन सके। आचार्य श्री ने कहा कि भगवान शिव को भगवान नारायण एवं भगवान नारायण को भगवान शिव अत्यंत प्रिय है अतः दोनों में भेद नही करना चाहिए ।भगवान शिव से बड़ा कोई वैष्णव नही है और भगवान विष्णु से बड़ा कोई शैव नही ।अतः भक्तों को भी इन दोनों में भेद नही करना चाहिए।

### धूपगढ़ और सनसेट पाइंट सहित अन्य स्थानों पर पर्यटकों की लगी भीड़, जायके से हुआ स्वागत

# पचमढ़ी में नए साल का आगाज, डीजे की धुन पर थिरके सैलानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

हिल स्टेशन पचमढ़ी में नए साल 2026 का स्वागत बेहद उत्साह और उमंग के साथ किया गया। साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर की रात जहां पूरा पचमढ़ी रोशनी और संगीत से सराबोर रहा, वहीं 1 जनवरी की सुबह नए साल के पहले सूर्योदय और शाम को सूर्यास्त का दीदार करने के लिए पर्यटकों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा।



### जश्न की रात

दिसंबर माह के अंत और नए साल की शुरुआत में पचमढ़ी में पर्यटकों की भारी आमद को देखते हुए व्यापक इंतजाम किए गए थे। 31 दिसंबर की रात को यादगार बनाने के लिए मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग की विभिन्न शाखाओं, बेटा बवार्ची,निजी होटलों, ढाबों और रिसॉर्ट्स ने विशेष आयोजन किए। पर्यटकों के मनोरंजन के लिए डीजे नाइट्स और आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। होटल संचालकों और बावर्ची टीम ने मेहमानों के लिए लजीज व्यंजनों की व्यवस्था की थी। देर रात तक सैलानी संगीत की धुनों पर थिरकते नजर आए और आतिशबाजी के साथ नए साल का स्वागत किया।

### धूपगढ़ पर उमड़ी भीड़

1 जनवरी 2026 की सुबह से ही पचमढ़ी के प्रमुख दर्शनीय स्थलों पर पर्यटकों की लंबी कतारें देखी गईं। नए साल के प्रथम दिन का विशेष आकर्षण धूपगढ़ रहा। मध्य प्रदेश की इस सबसे ऊंची चोटी पर सूर्यास्त का नजारा देखने के लिए हजारों की संख्या में सैलानी पहुंचे। पचमढ़ी की वादियों में ठंड के बावजूद लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए थे, ताकि सैलानियों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

### पर्यटन उद्योग में छाई रौनक

दिसंबर के इस सीजन में पचमढ़ी के सभी होटल, होम-स्टे और ढाबे पूरी तरह पैक रहे। होटल व्यवसायियों के अनुसार, इस साल सैलानियों की संख्या में पिछले वर्षों की तुलना में काफी बढ़ोतरी देखी गई है, जिससे स्थानीय व्यापार और पर्यटन उद्योग में भारी उछाल आया है।

### नए साल के स्वागत का उत्साह चरम पर रहा

पचमढ़ी में साल 2025 की विदाई और नए साल के स्वागत का उत्साह चरम पर रहा। शहर के प्रसिद्ध 'बेटा बावर्ची' रेस्टोरेंट में 31 दिसंबर की रात सैलानियों के लिए एक विशेष और भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पर्यटकों ने पहुंचकर जश्न का आनंद लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लाइव डीजे रहा, जिसकी धुन पर युवा और परिवार झूमते नजर आए। कड़ाके की ठंड के बीच संगीत और डांस ने माहौल में गर्मी भर दी। रात भर चले इस आयोजन में सैलानियों ने साल 2025 की आखिरी शाम को यादगार बनाया। वहीं स्वाद के शौकीनों के लिए रेस्टोरेंट प्रबंधन द्वारा लाइव फूड स्टॉल्स लगाए गए थे। यहाँ पर्यटकों ने गरमा-गरम व्यंजनों का लुत्फ उठाया। स्थानीय और विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की खुशबू ने उत्सव के आनंद को दोगुना कर दिया।

## अब किसान घर बैठे ऑनलाइन बुक कर सकेंगे खाद का ई-टोकन, नई सुविधा से लाभ

# कालाबाजारी पर रोक लगाने लाइन का झंझट खत्म, तीन दिन के भीतर ही उठाना होगा खाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**अब किसानों को खाद के लिए सोसायटियों के सामने लंबी-लंबी लाइन लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। किसान घर बैठे ही एमपी कृषि पोर्टल पर खाद बुक करा पायेगे। 1 जनवरी से बैतूल जिले में यह व्यवस्था शुरू हो गई है। हालांकि अभी खाद दुकानों की मैपिंग की जा रही है। जिसमें दुकानदारों के पास कितना खाद उपलब्ध है और कितना विक्रय किया है, यह अपलोड किया जा रहा है।**

बता दे कि पूरे जिले में खाद की 347 दुकानें है। इन दुकानों से खाद लेने के लिए पहले किसानों को सुबह से लाइन में लगाकर खड़े रहना पड़ता था। कई बार दिनभर लाइन में लगने के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिल पाता था, लेकिन अब एमपी कृषि पोर्टल से किसान ऑनलाइन ई- टोकन जनरेट कर सकेंगे। बताया जा रहा है कि किसान के मोबाइल पर डैश डालते ही क्यूआर कोड के रूप में ई- टोकन जारी होगा, इसे दिखाकर किसान 3 दिन के अंदर संबंधित सोसाइटी, एमपी एग्रो, डीएमओ केंद्र और प्राइवेट केंद्र पर जाकर खाद उठा सकेंगे। अगर किसी किसान ने लापरवाही बरती और 3 दिन के अंदर खाद नहीं उठाई तो टोकन कैंसिल हो जाएगी। ऐसे में उसे 3 दिन बाद दोबारा ई-टोकन जनरेट करना होगा। नई प्रक्रिया के लिए विभाग के डाटा अपडेट कर दिया है। सब कुछ ऑनलाइन होने से किस किसान को कितना खाद दिया और कितना केंद्र या दुकान के स्टाक में बचा है, इसकी जानकारी किसान, विक्रेता और अधिकारी को दिखेगी। इससे खाद की कालाबाजारी रुकेगी।

### तुरंत होगी परेशानियों का समाधान

खाद लेते समय अगर कहीं कोई परेशानी है तो उसे दूर किया जाएगा। डाटा अपडेट होने के बाद पट्टे की जमीन पर खेती करने वाले किसान भी किसान ई- टोकन जनरेट कर जरूरत के हिसाब से खाद ले सकेंगे। पोर्टल कुल जमीन जोडक़र खाद की जरूरत बताएगा। खेत अलग- अलग स्थानों पर होने के बाद भी सिस्टम कुल रकबा बताएगा। इससे किसानों को उनकी जरूरत का खाद मिलेगा और कालाबाजारी रुकेगी। इसके अलावा बोवनी का सीजन आते ही खाद की मारामारी शुरू हो जाती है। केंद्रों से टोकन बांटनी पड़ती थी। इससे सरकारी और अधिकारियों किरकिरी हो रही थी, लेकिन अब इससे निजात मिलेगी और किसानों को वैज्ञानिक मानकों के आधार पर खाद मिलेगी।

### किसानों को तीन दिन में उठानी होगी खाद

जिले में 1 जनवरी से खाद की ई-टोकन व्यवस्था शुरू हो गई है। इसमें किसान जरूरत के हिसाब से घर बैठे ऑनलाइन खाद की बुकिंग कर सकेगा। टोकन जनरेट होते ही तीन में दिन खाद उठानी होगी। नहीं उठाने पर फिर से टोकन जनरेट करनी होगी। बताया जा रहा है कि तीन दिन के बीच में यदि शासकीय छुट्टी या रविवार आता है तो वह तीन दिन में नहीं गिना जायेगा। यदि किसान दुकान खुलने के अगले दिन जाकर खाद उठा सकते है। कृषि विभाग के उप संचालक आनंद बडोनिया ने बताया कि नई प्रक्रिया में सारा डाटा ऑनलाइन रहेगा, कोई भी खाद उपलब्ध होने पर मना नहीं कर सकेगा। पोर्टल से ई-विकास प्रणाली के जरिए डैश बोर्ड खुलेगा, जहां से ई-टोकन जनरेट करने के लिए आधार नंबर डालना होगा। खाद की मात्रा वैज्ञानिक आधार पर पोर्टल पर स्वतः अपडेट होगी। जहां से केंद्र, सोसाइटी व प्राइवेट दुकान का चयन करते ही उपलब्धता के आधार पर क्यूआर कोड जनरेट होगा। जिसे केंद्र पर दिखाने पर खाद मिलेगा। वहीं पट्टे व सिकमीधारी किसान की जानकारी एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी वेरिफाई करने पर खाद मिलेगी।

### किसानों को यह भी मिलेगी सुविधा

(1) किसानों को खाद के लिए सोसायटियों के सामने लंबी लाइन नहीं लगाना पडेगा।

(2) दुकान पर कितना स्टॉक है, किसान और अधिकारी आसानी से देख पायेगे।

(3) खाद वितरण प्रणाली में पारदर्शिता आयेगी और आरोप-प्रत्यारोप की संभावना कम रहेगी।

(4) एक ही दुकान से खाद मिलने पर एक से अधिक किसान साथ जाकर खाद ला पायेगे, जिससे किराया बचेगा।

(5) पोर्टल के माध्यम से किसानों को खाद की निर्धारित कीमत पता चल पायेगी और अधिक राशि लेने की आशंकाएं कम हो जायेगी।

(6) खाद की कालाबाजारी पर रोक लगेगी और किसानों को खाद के लिए परेशान नहीं होना पडेगा।

### टोकन जनरेट करना...

1 जनवरी से खाद की ई-टोकन व्यवस्था शुरू हो गई है। इसमें किसान जरूरत के हिसाब से घर बैठे ऑनलाइन खाद की बुकिंग कर सकेगा। टोकन जनरेट होते ही तीन दिन में खाद उठानी होगी। नहीं उठाने पर फिर से टोकन जनरेट करनी होगी।

- आनंद बडोनिया,
उप संचालक, कृषि विभाग बैतूल

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को शुभकामनाएं मेडिकल कॉलेज के प्रयासों के लिए हेमंत खंडेलवाल का माना आभार



**बैतूल।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल द्वारा बैतूल में मेडिकल कॉलेज स्वीकृत कराए जाने व नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित हेतु आज विधायक निवास पर बैतूल जिला ओबीसी मोर्चा एवं साहू समाज के सदस्य पहुंचे और नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए मेडिकल कॉलेज स्वीकृत कराए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया। इसमें भाजपा प्रदेश ओबीसी मोर्चा मीडिया मेंबर राजा साहू ने कहा कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना से जिले की जनता को बड़े स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। वर्तमान में गंभीर उपचार के लिए लोगों को बाहर जाना पड़ता, अब मेडिकल कॉलेज बनने के बाद से बेहतर इलाज बैतूल में ही उपलब्ध होगा और जरूरतमंद मरीजों को सस्ती दरों पर उपचार मिल सकेगा। मेडिकल कॉलेज खुलने से जिले के युवाओं के लिए चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर सृजित होंगे और बाहर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समग्र विकास होगा। इस दौरान ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष संजू सोलंकी, जिला महामंत्री ओमप्रकाश बंटी मालवी, टिकेंद्र साकरे, पप्पू सोनी, संदीप यादव, सौरभ ठाकुर, आशीष साहू, पूरन साहू, विपिन साहू, नवीन साहू, मन्नाडे साहू सहित ओबीसी मोर्चा सदस्य व साहू समाज के वरिष्ठ लोग मौजूद थे।

## 1 को जन्मी 11 नवजातों को सोने-चांदी के लॉकेट भेंट

### जिला अस्पताल में नववर्ष पर बेटियों का सम्मान



**बैतूल।** जिला अस्पताल में नए वर्ष 2026 के अवसर पर एक सराहनीय पहल की गई। 1 जनवरी 2026 को जन्मीं 11 नवजात बालिकाओं और उनकी माताओं का मां शारदा समिति द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान नवजात बालिकाओं को सोने और चांदी के लॉकेट भेंट किए गए, जबकि प्रसूता माताओं को सम्मानित कर शुभकामनाएं दी गईं। मां शारदा समिति ने बताया कि यह परंपरा वर्ष 2015 से लगातार निभाई जा रही है। समिति का उद्देश्य हर वर्ष 1 जनवरी को जन्मी बेटियों को सम्मानित कर समाज में उनके प्रति सकारात्मक संदेश देना है। इस पहल के माध्यम से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे सामाजिक संदेश को मजबूत किया जाता है और नवजात बालिकाओं के आगमन को उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष 1 जनवरी 2026 को जिला अस्पताल में कुल 11 नवजात बालिकाओं का जन्म हुआ।

## चोरी के मोबाइल बेचने वाला गिरफ्तार, एक लाख 50 हजार कीमत के 9 मोबाइल जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कोतवाली पुलिस ने बोथरा मोबाइल शॉप से चोरी गए मोबाइल फोन बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 9 मोबाइल भी जप्त किये है।

पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी अमित पिता शिखरचन्द बोथरा (42) निवासी चक्कर रोड बैतूल ने थाना कोतवाली बैतूल में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी श्री बोथरा मोबाइल शाप नगर पालिका काम्पलेक्स बैतूल से किन्ही अज्ञात आरोपियो के द्वारा ताला तोडकर 59 एण्ड्राईड मोबाइल व नगदी 7000 रुपये चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 331(4),305, बीएनएस का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। कोतवाली पुलिस ने पूर्व में तकनीकों साक्ष्यों के आधार पर तीन आरोपियों नितिन उर्फ बारिक उईके पिता डोमा उईके उम्र 18 साल निवासी कोलगांव थाना बैतूल बाजार, अरसद कुरैशी पिता असफाक कुरैशी उम्र 22 साल निवासी गौली मोहल्ला नागदेव मंदिर के पास टिकारी बैतूल एवं विधि विरूध्द बालक को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा चुका है। वहीं पुलिस द्वारा चोरी गये मोबाईलो के आईएमईआई नम्बरो को लगातार ट्रेस किया जा रहा था। तभी एक व्यक्ति पवन अलोने निवासी मुलताई के पास एक मोबाईल की लोकेशन प्राप्त हुई, जिससे पूछताछ की गई जिसके द्वारा निलेश पढाडे निवासी मुलताई से खरीदी किया जाना बताया गया। निलेश पढाडे को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूछताछ की गई, जिसने बताया कि उसको शैलेश पवार निवासी मुलताई से 9 मोबाईल बेचा गया था। उपरांत शैलेष पवार को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया, जिसके द्वारा उक्त जुर्म किया जाना स्वीकार किया गया है। आरोपी निलेश पढाडे से चोरी के 09 मोबाइल विधिवत जप्त किया गया एवं दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्यवाही मे भूमिका थाना प्रभारी नीरज पाल, निरीक्षक आबिद अंसारी, सउनि राजेश मालवीय, प्र.आर. शिवकुमार, प्र.आर. तरूण पटेल, आरक्षक अनिल बेलवंशी एवं सायबर सेल बैतूल से राजेन्द्र धाडसे, बलराम राजपूत एवं दीपेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## अवैध सागौन कटाई पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, एक आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पश्चिम बैतूल वन संरक्षक बैतूल वृत्त बासु कनौजिया के मार्गदर्शन एवं वनमंडलाधिकारी पश्चिम बैतूल एलके वासनिक के निर्देशन में चिचोली परिक्षेत्र के खामापुर वृत्त अंतर्गत ग्राम जाफरीमऊ में अवैध वृक्ष कटाई के विरुद्ध वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभागीय जानकारी के अनुसार 29 दिसंबर की रात्रि तस्करों द्वारा जाफरीमऊ के वन क्षेत्र में चार सागौन के वृक्ष अवैध रूप से काट दिए गए थे। वन विभाग के रात्रि उडऩदस्ते द्वारा की जा रही सघन गश्त के चलते आरोपी कटे हुए वृक्षों की लकड़ी मौके से ले जाने में असफल रहे। गश्त के दौरान घटना स्थल के समीप एक संदिग्ध अल्टो वाहन को रोका गया। पूछताछ में वाहन सवार द्वारा पहले अन्य कार्य से वहाँ होना बताया गया, किंतु गहन पूछताछ के बाद उसने अपराध स्वीकार कर लिया। मुख्य आरोपी की पहचान अर्जुन यादव, पिता मस्तराम यादव, निवासी ग्राम डोल के रूप में हुई है। वन विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को भारतीय वन अधिनियम एवं वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है। वर्तमान में आरोपी से पूछताछ जारी है, ताकि इस अपराध में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की पहचान की जा सके। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी पूर्व में किसी अन्य वन अथवा वन्यजीव अपराध में शामिल रहा है या नहीं। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन एवं वन्यजीव अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे वन संपदा एवं वन्यजीवों की सुरक्षा में सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल वन विभाग को दें।

### सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों की चिंता

## भौंरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बाउंड्रीवॉल कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा



भौंरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बाउंड्रीवॉल निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन का ध्यानार्षित किया है। ग्रामीण जितेंद्र गुप्ता, रामदास पवार, विजय कहार, अरविंद का कहना है कि यह स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के सैकड़ों गांवों का प्रमुख उपचार व प्रसूति केंद्र है, जहां दिन-रात मरीजों की आवाजाही बनी रहती है।

विशेषकर प्रसव सेवाओं के कारण देर रात गर्भवती महिलाएं अपने परिजनों के साथ यहां पहुंचती हैं, लेकिन परिसर खुला होने से सुरक्षा संबंधी समस्याएं लगातार सामने आ रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र का पूरा परिसर खुला होने के कारण शाम और रात के समय असामाजिक तत्व यहां डेरा जमाते हैं। आरोप है कि परिसर में शराबखोरी सहित अन्य अवांछित गतिविधियां होती रहती हैं, जिससे मरीजों, गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को असुविधा व भय का सामना करना पड़ता है। कई बार रात के समय ड्यूटी पर मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों को भी परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि भौंरा पीएचसी पर आसपास के दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से प्रसव के लिए मरीजों को रेफर कर यहां भर्ती कराया जाता है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होना आवश्यक है। बाउंड्री वॉल बनने से न केवल परिसर सुरक्षित होगा, बल्कि अनाधिकृत प्रवेश और असामाजिक गतिविधियों पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि प्राथमिकता के आधार पर स्वास्थ्य केंद्र में बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाए, ताकि मरीजों को सुरक्षित माहौल मिल सके और रात्रिकालीन सेवाएं निर्बाध रूप से संचालित हो सकें। लोगों का कहना है कि यह मांग जनहित से जुड़ी है और शीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए।

## चाकूबाजी में युवक घायल, सड़क हादसे में एक की मौत

**बैतूल।** साल 2025 की आखिरी रात और नये साल की पूर्व संध्या पर जिले में चाकूबाजी की घटना सामने आई, वहीं सडक़ हादसे में एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के भारत भारती क्षेत्र में देर रात चाकूबाजी की घटना हुई। नशे में धुत एक युवक ने दूसरे युवक का गला काट दिया। घायल युवक का नाम फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। यह घटना वीवीएम कॉलेज के पास हुई। आरोपी मौके से फरार हो गया है और उसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। वहीं सोनाघाटी क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अमित विश्वकर्मा (27) निवासी पाथाखेड़ा के रूप में हुई है। अमित कुछ समय से भारत भारती परिसर में रहकर पेटी बनाने का काम करता था। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

## नए वर्ष पर बजरंग मंदिर आमढाना में अखंड रामायण पाठ का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

श्री हनुमान मंदिर लमटी वाले मंदिर में 1 जनवरी गुरुवार को 12 बजे अखंड रामायण पाठ प्रारंभ हुआ। जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया। भक्तों द्वारा भगवान श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई। किसी भक्त ने हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ा और किसी ने सुन्दर कांड का पाठ किया। सभी भक्तों ने भगवान से स्वस्थ जीवन, सुख शांति की कामना की। भगवान के श्री चरणों में प्रणाम किया। 2 जनवरी शुक्रवार को अखंड रामायण पाठ के बाद विशाल भंडारा प्रसादी होगी।

**CHANGE OF NAME**

I, NO. 2607709P Rank EX NK Name **SUNIL KUMAR** is legally father of **MOHIT** resident at Vill.- Amla, Post-Amla, Teh.- Amla Distt.- Betul (M.P.) Pin-460551, have changed my son's Name from **MOHIT** to **MOHIT THAKRE** vide affidavit dated- 01/01/2026 before Notary Betul, Distt.- Betul (M.P.)

## नए वर्ष पर धार्मिक स्थल-पिकनिक स्पॉट पर रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नए वर्ष के मौके पर गुरूवार सुबह से ही धार्मिक स्थल और पिकनिक स्पॉट पर भीड रही। अधिकतर लोगों ने नए वर्ष की शुरूआत पूजा-अर्चना कर की है। जगह-जगह मंदिरों में पूजा-अर्चना करने भक्तों का तांता लग गया। सुबह से ही लोग मंदिरों में पहुंचने लगे।

दिन भर मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए लोगों की भीड़ लगी थी। जिले के प्रसिद्ध मंदिर बिजासनी माता मंदिर, शनि मंदिर, टिकारी हनुमान मंदिर, गंज माता मंदिर, बाजाजीपुरम और केरपानी के हनुमान मंदिर में श्रद्धालु बडी संख्या में पहुंचे। पूजा-अर्चना कर सभी ने नए वर्ष पर भगवान से पूरा वर्ष मंगलमय रहने की कामना की।नए साल को लेकर बालाजीपुरम, बारहलिंग, खेडलाकिला, हनुमानडोल, जटाशंकर, भोपाली, सालबर्डी और धारूल अंबामाई, छावल में रेणुका माता मंदिर सहित अन्य स्थानों पर पुलिस की नजर बनी थी। हालांकि सोशल मीडिया पर एक दिन पहले से ही नव वर्ष की शुभकामनाएं देने का सिलसिला शुरू हो गया। फेसबुक, ट्विटर, व्हाटसअप, इंस्टाग्राम पर लोग एक दुसरे को बधाई देने लगे, तो कई लोग सुबह से ही फोन करके नए साल की बधाई देने लगे। सुबह से ही लोगों के मोबाईल की घंटियों का घनघनाना शुरू हो गया था। पूरे दिन बधाईयों का सिलसिला जारी रहा। जिला मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित भारत के पांचवे धाम



बालाजीपुरम में नये साल के मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में आना शुरू हो गया था। शाम तक बालाजीपुरम में हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान बालाजी के दर्शनों का लाभ लिया।

### चप्पे-चप्पे पर पुलिस रही तैनात

नववर्ष की पूर्व संध्या पर पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देशन में शहर भर में कड़ी नाकेबंदी और चेकिंग अभियान चलाया गया। यातायात पुलिस और थाना स्टाफ ने प्रमुख स्थानों पर ड्रंक एंड ड्राइव जांच की और रेस ड्राइविंग करने वालों को रोका। शहर के प्रमुख चौराहों पर रातभर पुलिस की मौजूदगी रही।

### बालाजीपुरम मंदिर बैतूल बाजार में रही लोगों की भीड़

बैतूल। बैतूल के श्री रुक्मिणी बालाजीपुरम में 1 जनवरी के अवसर पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। नए साल की शुरुआत भगवान के दर्शन के साथ करने के लिए सुबह से ही लंबी कतारें देखी गईं। इस संबंध में सुनील द्विवेदी ने बताया कि साल 2026 का स्वागत करने के लिए देश के पांचवें धाम के रूप में विख्यात श्री रुक्मिणी बालाजीपुरम मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। नए साल के पहले दिन भगवान बालाजी के दर्शन कर आशीर्वाद लेने के लिए सुबह तडक़े से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था, जिसने दोपहर होते-होते पिछले कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। भीषण ठंड के बावजूद भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। सुबह 6 बजे से ही मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं की कतारें मुख्य मंदिर से लेकर काफी दूर तक नजर आईं। स्थानीय लोगों के साथ-साथ महाराष्ट्र और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में सैलानी और भक्त यहाँ पहुंचे।

**कार्यालय नगर परिषद बैतूल बाजार जिला - बैतूल (म. प्र.)**

क्रमांक / लो.नि.शा/2025/1387 बैतूलबाजार, दिनांक 24.12.2025

**//निविदा सूचना//**
**(प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना)**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/ सप्लायर/फर्म से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाँक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_470982_1 27.12.2025 | निकाय क्षेत्र में जलप्रदाय व्यवस्था हेतु लगने वाली सामग्री प्रदाय हेतु दर प्रस्तुत करने बाबत। | 1. 31 मार्च 2026 2. 05.00 लाख | 1. 2000/- 2. 10,000/- | 10.01.2026 |
| 2 | 2025_UAD_471050_1 27.12.2025 | निकाय क्षेत्र के हेण्डपंप संधारण एवं मरम्मत किये जाने हेतु लगने वाली सामग्री प्रदाय हेतु दर प्रस्तुत करने बाबत। | 1. 31 मार्च 2026 2. 03.00 लाख | 1.2000/- 2. 6,000/- | 10.01.2026 |
| 3 | 2025_UAD_470936_1 27.12.2025 | निकाय क्षेत्र में विभिन्न साईजों के लोहा चेम्बर प्रदाय हेतु दर प्रस्तुत करने बाबत्। | 1. 31 मार्च 2026 2. 02.00 लाख | 1. 2000/- 2. 4,000/- | 10.01.2026 |
| 4 | 2025_UAD_470946_1 27.12.2025 | निकाय क्षेत्र में विभिन्न साईजों के प्लेक्स प्रिन्टिंग कार्य हेतु दर प्रस्तुत करने बाबत्। | 1. 31 मार्च 2026 2. 1.50 लाख | 1.2000/- 2. 3,000/- | 10.01.2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेंगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेंगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद बैतूल बाजार**

## युवा कांग्रेसी जलाएंगे विजयवर्गीय का पुतला

**सोहागपुर।** गत दिनों इंदौर के भागीरथपुरा में नगर निगम की लापरवाही से रहवासियों को दूषित पेयजल वितरित किया गया। जिससे कुछ लोगों की मौत हुई है तथा सैकड़ों लोग बीमार हुए हैं। मामले में मीडियाकर्मी के सवाल पर मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया गया। इसके विरोध में सोहागपुर के युवा कांग्रेसी मंत्री विजयवर्गीय का पुतला दहन करेंगे। युवा कांग्रेस के प्रेस नोट के अनुसार शुक्रवार दोपहर एक बजे मुख्य बाजार क्षेत्र में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया जाएगा।

## भाजपा नेत्री उषा तिवारी का निधन

**सोहागपुर।** सोहागपुर क्षेत्र व नगर में भाजपा महिला विंग व मोर्चे को स्थापित करने से लेकर इसे ऊंचा कद देने में शामिल रहीं ऊषा तिवारी पत्नी संतोष तिवारी नहीं रहीं। बुधवार एवं गुरुवार की दरम्यानी रात ऊषा तिवारी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। लगभग 70 वर्ष का उन्होंने जीवन जिया। उल्लेखनीय है कि उषा तिवारी नप सोहागपुर में एल्डरमेन भी रहीं। भाजपा महिला मोर्चा को सोहागपुर में अस्तित्व में लाने, इसे सतत सक्रिय बनाए रखने व भाजपा के प्रति महिलाओं की समर्पित टीम बनाने में ऊषा तिवारी ने काफी बड़ी भूमिका निभाई।

### नप राजस्व निरीक्षक ने किया कर वसूली व्यवस्था का निरीक्षण

# नप में व्यवसायिक भवनों से सामान्य संपत्ति कर वसूली का हुआ खुलासा

**सोहागपुर शहर में कई मकानों में व्यवसाय संचालित होते हैं। लेकिन मकान मालिकों से नप सामान्य कर वसूली करती है। यह जानकारी गुरुवार को नप राजस्व निरीक्षक संजय परसाई द्वारा शहर में कर वसूली प्रक्रिया के निरीक्षण दौरान सामने आई है।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

गुरुवार को कर वसूली व्यवस्था का निरीक्षण करते नगर परिषद राजस्व निरीक्षक संजय परसाई के समक्ष यह खुलासा हुआ कि कई घरों में व्यावसायिक गतिविधियां होती हैं लेकिन उनसे सामान्य संपत्ति कर की वसूली होती है। इनमें कई ऐसे दबंग लोग हैं, जिनका शहर में ही नहीं अपितु नप की व्यवस्था में भी काफी प्रभाव है। नप के राजस्व शाखाकर्मी चाहकर भी ऐसे लोगों पर पूर्ण कर वसूली का दबाव नहीं बना पाते हैं। अंततः नप को प्रतिवर्ष लाखों रूपए राजस्व की क्षति होती है।

नियमानुसार घरों में व्यवसाय संचालित करने वालों से व्यावसायिक कर वसूली होनी चाहिए। लेकिन ये दबंग व प्रभावी लोग राजनीतिक हस्तक्षेप दिखाते हुए एवं राजनीतिक संबंधों का लाभ उठाते हुए बहुत ही नॉमिनल टैक्स जमा करते हैं।

### अधीनस्थों से कम कर दे रहे रसूखदार

सोहागपुर नप राजस्व निरीक्षक संजय परसाई के निरीक्षण के दौरान यह बात भी सामने आई कि रसूखदार लोग अपने मकान का उतना टैक्स चुकाते हैं, जितना कि उनके अधीनस्थ चतुर्थ श्रेणी स्तर की भांति काम करने वाले लोग अपने आवासों के लिए चुकाते होंगे। यह हास्यापद स्थिति सोहागपुर में पिछले कई वर्षों से बनी हुई है जहां अधिकतर धनाढ्य लोगों से नगर परिषद की व्यवस्था द्वारा नियमानुसार कर वसूली नहीं की जाती है। जिसका नुकसान नगर परिषद को राजस्व क्षति के रूप में होता है। और यह क्षति आमजनों को होती है। क्योंकि कम कर वसूली से जन विकास के कार्य प्रभावित होते हैं। नागरिकों के अनुसार मध्यमवर्गीय परिवार से तो नप नियमानुसार कर वसूली करती है। लेकिन धनाढ्यों के समक्ष धनबल व राजनीतिक प्रभाव के कारण व्यवस्था पंगु हो जाती है।

### इनका कहना है...

मैंने कर वसूली व्यवस्था से निकाय के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया है। अब नियमों के अनुसार कर वसूली व्यवस्था बनाई जाएगी।

**संजय परसाई, राजस्व निरीक्षक, नप सोहागपुर**

### क्या होगा सुधार..?

गुरुवार को राजस्व निरीक्षक व उनके अधीनस्थों द्वारा किये जा रहे निरीक्षण दौरान कई नागरिक भी उपस्थित थे। नागरिकों के समक्ष यह बात आई की कर वसूली नियमानुसार नहीं होती है। तो उन्होंने राजस्व निरीक्षक संजय परसाई से सवाल किया कि क्या भविष्य में कोई सुधार होगा? नागरिकों का सवाल है कि क्या यही व्यवस्था सोहागपुर नप क्षेत्र में जारी रहेगी?, जिसमें मिडिल क्लास परिवार नियमानुसार संपत्ति कर चुकाएंगे। लेकिन धनाढ्य वर्ग उनसे भी कम कर चुकाएगा। नागरिकों ने मांग की है कि जियो टैगिंग माध्यम से सभी संपत्तियों की मैपिंग की जाए। मैपिंग के बाद व्यावसायिक एवं घरेलू भवनों से नियमानुसार कर वसूली की जाए। ताकि सभी के साथ एक से कर व्यवहार की स्थिति शहर में निर्मित हो सके।

## नए साल के जश्न में ड्रिंक एंड ड्राइव करने वालों पर कसा पुलिस ने शिकंजा




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नए साल के जश्न के दौरान हड़दंग और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए इटारसी पुलिस ने 31 दिसंबर की रात सघन चेकिंग अभियान चलाया। एसडीओपी वीरेंद्र मिश्र और थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में पुलिस की विभिन्न टीमों ने शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर मोर्चा संभाला।

पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले (ड्रिंक एंड ड्राइव) चालकों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए करीब 10 से 12 मोटरसाइकिलें जब्त की हैं।

मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत दर्जनों चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। हुड़दंगियों और तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों पर नजर रखने के लिए पुलिस ने रातभर पेट्रोलिंग की, ताकि आम नागरिक सुरक्षित तरीके से नववर्ष का स्वागत कर सकें।

### विजयवर्गीय के बयान के विरोध में इटारसी में प्रदर्शन आज

**इटारसी।** इंदौर में दूषित पेयजल से हुई मौतों और उसके बाद कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड ने कड़ा रुख अपनाया है। प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी के निर्देश पर आज पूरे प्रदेश सहित इटारसी में भी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इंदौर में दूषित पानी से एक दर्जन से अधिक मौतों पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा मीडिया के सवालों पर कथित रूप से अभद्र शब्दावली का प्रयोग करने के विरोध में यह कार्यक्रम आयोजित है। इटारसी नगर सेवा दल अध्यक्ष एवं पार्षद दिलीप गोस्वामी के नेतृत्व में यंग ब्रिगेड और समस्त कांग्रेस जन जय स्तंभ चौक पर एकत्र होंगे। विरोध के साथ-साथ इंदौर में कालकवलित हुए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की जाएगी।

## ट्राइडेंट ग्रुप बुधनी के अधिकारियों ने मुस्कान संस्था में मनाया नववर्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नववर्ष के अवसर पर ट्राइडेंट ग्रुप बुधनी के करीब 30 सदस्यीय अधिकारी दल गुरूवार को मुस्कान संस्था पहुंचा, जहां उन्होंने बालिकाओं के साथ हर्षोल्लास के साथ नया वर्ष मनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बालिकाओं के साथ संवाद एवं परिचय से हुआ, जिसके बाद ड्राइंग प्रतियोगिता, संगीत, नृत्य, म्यूज़िक गेम्स सहित कई मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

अधिकारियों ने स्वयं बालिकाओं के साथ मंच साझा कर कार्यक्रम को जीवंत बनाया और सेवा-भाव प्रकट करते हुए सेवा गीत भी प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर ट्राइडेंट ग्रुप के सभी सदस्यों ने संस्था में रह रही बालिकाओं को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं एवं आगे भी नियमित रूप से सहयोग व स्नेह बनाये रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के अंत में एवं संस्था संचालक मनीष ठाकुर तथा अधीक्षक रितु राजपूत ने ट्राइडेंट ग्रुप के समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे अवसर बालिकाओं में आत्मविश्वास, आनंद और सामाजिक जुड़ाव को मजबूत करते हैं।

## हरिभूमि कार्यालय में वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन कार्यक्रम संपन्न, विधायक-नपाध्यक्ष सहित प्रशासनिक अधिकारी हुए शामिल





हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

देश-प्रदेश के लोकप्रिय समाचार पत्र हरिभूमि के वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन इटारसी कार्यालय में नववर्ष के प्रथम दिवस गुरूवार दोपहर संपन्न हुआ। विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नर्मदापुरम इटारसी क्षेत्र के विधायक डॉ सीतासरन शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ शर्मा ने पत्रकार भूपेंद्र विश्वकर्मा को हाल ही में हरिभूमि के जिला ब्यूरोचीफ के पद पर पदोन्नति होने एवं मध्यप्रदेश शासन से अधिमान्यता मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

कार्यक्रम में नर्मदापुरम पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद पगारे, नगर पालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मध्य प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे, पूर्व नपाध्यक्ष रविकिशोर जायसवाल, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, विधायक प्रतिनिधि जगदीश मालवीय, देवेंद्र पटेल, सभापति राकेश जाधव, कल्पेश अग्रवाल, पार्षद कुंदन गौर, दिलीप गोस्वामी, एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा, थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला, भाजपा नेता विश्वनाथ सिंघल, मनीष ठाकुर, युवा व्यवसाई निपुण गोठी, सत्यम अग्रवाल, चेतन गोठी, नीरज जैन, लखन बैस, अनिल राठी, हैप्पी भाटिया, नीलेश चौधरी, करणी सेना से जितेंद्र राजपूत, राम राजपूत, वरिष्ठ पत्रकार जम्मू सिंह उप्पल, देवेंद्र सोनी, अनिल मिहानी, सुधांशु मिश्र, मुकेश गांधी, राहुल शरण, राजकुमार बावरिया, इंद्रपाल सिंह, मंगेश यादव, सुरेंद्र राजपूत, मदन शर्मा, देवेंद्र तिलोटिया, राजीव रोहर, सुनील दुबे सहित बड़ी संख्या में भाजपा एवं कांग्रेस पदाधिकारी, पत्रकारगण, व्यापारी वर्ग, शिक्षाविद एवं विभिन्न वर्गों के नागरिकजन उपस्थित रहे।

## इटारसी के नए स्टेशन प्रबंधक होंगे विनोद कुमार चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पश्चिम मध्य रेल के महत्वपूर्ण जंक्शन इटारसी के प्रशासनिक ढांचे में बड़ा बदलाव किया गया है। वर्तमान मुख्य यार्ड मास्टर विनोद कुमार चौधरी को पदोन्नत कर इटारसी जंक्शन का नया स्टेशन प्रबंधक नियुक्त किया गया है।



### नई जिम्मेदारी

विनोद कुमार चौधरी, जो वर्तमान में इटारसी में ही मुख्य यार्ड मास्टर के पद पर कार्यरत हैं, अब पूरे स्टेशन प्रबंधन की कमान संभालेंगे। यार्ड संचालन के उनके लंबे अनुभव का लाभ स्टेशन की व्यवस्थाओं को मिलेगा।

### स्थानांतरण

इटारसी के निवर्तमान स्टेशन प्रबंधक शुभेंदु राय का स्थानांतरण भोपाल मंडल में किया गया है। उन्हें भोपाल टीआई नॉर्थ की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### प्राथमिकता

नवनियुक्त स्टेशन प्रबंधक के समक्ष इटारसी जैसे व्यस्त जंक्शन पर यात्री सुविधाओं में सुधार, ट्रेनों के समयपालन और आगामी रेल परियोजनाओं के सुचारू संचालन की चुनौती होगी। रेलवे प्रशासन ने यह बदलाव कार्यकुशलता और प्रशासनिक दृष्टिकोण से किया है।

## खाटू श्याम रसोई के तीन वर्ष पूर्ण होने पर किया नगर के 41 कर्मवीर पत्रकारों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



कोरोना काल से निरंतर जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध करा रही खाटू श्याम रसोई द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मनीष ठाकुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के 41 पत्रकारों का अभिनंदन किया, जिन्होंने अपनी लेखनी से रसोई के मानवीय प्रयासों को जन-जन तक पहुंचाया।

कार्यक्रम में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, नपाध्यक्ष पंकज चौरे, सभापति राकेश जाधव, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

डॉ. सीतासरन शर्मा ने रसोई की निरंतरता को असंभव को संभव करने वाला सेवा का उदाहरण बताया। नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि शहर में दिन में दीनदयाल रसोई और रात में खाटू श्याम रसोई सेवा की मिसाल पेश कर रही हैं।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार सुनील बाजपेई ने किया। संचालक मनीष ठाकुर ने सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसहयोग और मीडिया के समर्थन से ही यह सेवा निरंतर जारी है।

आप सभी का सहयोग ही हमें निरंतर सेवा की प्रेरणा देता है। जनसहयोग से यह रसोई आगे भी चलती रहेगी।

## शिवपुर में साल के पहले दिन शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुर




नववर्ष 2026 के प्रथम दिन नर्मदापुरम पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शिवपुर को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर एक युवक को भारी मात्रा में अवैध देशी शराब का परिवहन करते हुए रंगे हाथों पकड़ा है।

पुलिस ने बनाडा बस स्टैंड के पास सिवनी मालवा-बाबरी रोड पर कार्रवाई करते हुए शांति लाल (31 वर्ष), पिता देवलाल बकोरिया, निवासी ग्राम बाबरी को हिरासत में लिया। आरोपी के कब्जे से 350 क्वार्टर देशी मदिरा (मसाला) और तस्करी में प्रयुक्त एक होंडा एसपी शाइन मोटरसाइकिल जब्त की गई है। जब्त की गई शराब और वाहन की कुल कीमत लगभग 70,000 रुपए आंकी गई है। प आरोपी ने स्वीकार किया कि वह शराब इटारसी से खरीदकर लाया था। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। इस सफल कार्रवाई में एएसआई अनिल ठाकुर, प्रधान आरक्षक विशाल, आरक्षक ओमप्रकाश, शिवम, सुनील विश्वकर्मा और दीपक की विशेष भूमिका रही।

## वार्ड-12 में पार्क का लोकार्पण व विकास कार्यों का भूमि पूजन संपन्न, विकास की नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



वार्ड नंबर 12 स्थित कावेरी स्टेट में गुरूवार को पार्क का लोकार्पण एवं आगामी विकास कार्यों के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चोरे, सभापति राकेश जाधव, सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर, नीरज जैन, विश्वनाथ सिंगल सहित वार्ड के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत उद्बोधन सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर एवं सभापति राकेश जाधव द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि पार्षद मनजीत कलोसिया की सतत मेहनत एवं विकास कार्यों में रुचि से वार्ड में लगातार सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। विधायक डॉ. शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। वार्ड के समग्र विकास हेतु सभी आवश्यक कार्य चरणबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएंगे। वहीं नपाध्यक्ष चोरे ने कहा कि पार्षद मनजीत द्वारा बताए जाने वाले सभी कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है। कई कार्य किए जा चुके हैं, शेष कार्य भी जल्द पूर्ण होंगे। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने विकास कार्य प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं जनप्रतिनिधियों का आभार माना।

वार्ड 12 कावेरी स्टेट में पार्क निर्माण से बच्चों, बुजुर्गों और कॉलोनीवासियों को बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही आने वाले समय में अन्य विकास कार्यों के तेजी पकड़ने की संभावना भी प्रबल है।

## 11 वर्ष से कायम नववर्ष पर अखंड रामायण पाठ की परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



अंग्रेजी नववर्ष पर जब अधिकतर लोग जब जश्न में व्यस्त होते हैं, तब सोहागपुर में सिविल कोर्ट के सामने स्थित चौधरी परिवार के आवास में नववर्ष पर रामायण की चौपाईयां गूंजती हैं। क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी माधव सिंह के निवास पर पिछले 11 वर्षों से नव वर्ष की पूर्व संध्या पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाता है। जो कि नववर्ष के प्रथम दिवस पर संपन्न होता है।

चौधरी परिवार से शारदेंदु सिंह ने बताया कि उनके निवास पर गत 11 वर्षों से अंग्रेजी नववर्ष का अभिनंदन अखंड रामायण पाठ के साथ किया जाता है। शारदेंदु व उनके अनुज आनंद ने बताया कि इस वर्ष भी बुधवार 31 दिसंबर 2025 की दोपहर अखंड रामायण पाठ प्रारंभ किया गया, तथा विश्राम गुरुवार एक जनवरी 2026 को हुआ।

गत वर्ष की अंतिम दोपहर व अंतिम रात से लेकर नववर्ष की प्रथम दोपहर तक श्रीराम भक्तों ने रामायण की चौपाईयां पढ़ीं। वहीं आमंत्रित भजन मंडलों ने श्रीराम धुन सहित राम भक्त भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस वर्ष के अखंड रामायण पाठ आयोजन का विश्राम हवन, पूजन एवं प्रसाद वितरण से किया गया है। चौधरी परिवार ने क्षेत्रवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं।

### संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का विश्राम दिवस

## सुदामा ने केवल श्रीकृष्ण से प्रेम किया, मांगा नहीः राधादेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




विगत सात दिनों से स्थानीय वृंदावन गार्डन में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के विश्राम दिवस पर गुरूवार को साध्वी राधादेवी ने सुदामा चरित्र और व्यास की महिमा सुनाई। कथा व्यास ने कहा कि भक्त हो तो सुदामा जी की तरह, जिन्होंने पूरे जीवन में आर्थिक और सामाजिक कष्ट सहन किया परन्तु अपने भगवान से जो उनके बाल काल के मित्र भी हैं उनसे पूरे जीवन अपने और अपने परिवार के लिए सुख शांति के लिए कभी प्रार्थना नहीं की।

उन्होंने केवल श्री कृष्ण नाम जप किया श्री कृष्ण से प्रेम किया। अन्त में भगवान ने उनकी भावना को देखकर बिन मांगे सुदामा जी को वह सब कुछ दिया, जो जो द्वारिका में वैभव था। भगवान बहुत दयालु है। महामंडलेश्वर भैयादास महाराज ने कहा कि कथा जीवन की व्यथा मिटाती है परन्तु उसके लिए कथा में बताए मार्ग पर चलना होगा। साधु संत ब्राह्मण और दीन दुखियों की सेवा करने वाला अपने माता पिता की सेवा करने वाला हर गृहस्थ भगवान की कृपा पाने का अधिकारी है। भगवान ऐसे भक्तों पर सदैव ही कृपा करते हैं। कथा में घोड़ा डोंगरी विधायिका गंगा जी भी साध्वी राधा देवी जी से आशीर्वाद लेने आई।

कथा आयोजक सेवन स्टार ग्रुप के सदस्य जसवीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि प्रतिदिन कथा के समस्त धार्मिक अनुष्ठान वृंदावन गार्डन, इटारसी में संपन्न हुए। श्री छाबड़ा के अनुसार, प्रतिवर्ष इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक वातावरण को बढ़ावा देना और समाज में शांति व सद्भाव का संदेश फैलाना है।

इस वर्ष भी कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में धार्मिक जन कथा श्रवण करने पहुंचे थे। विश्राम दिवस पर विशाल भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। आयोजक समिति ने कथाव्यास की ससम्मान विदाई की।

## वृंदावन गार्डन में हिंदू सम्मेलन व महारुद्राभिषेक का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर की अभिमन्यु बस्ती और सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में 2 जनवरी शुक्रवार को एक विशाल विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। पौष शुक्ल चतुर्दशी के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

नर्मदापुरम के आचार्य पंडित सोमेश परसाई के पावन सान्निध्य में यह आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में महारुद्राभिषेक, अभिमंत्रित पूजित रुद्राक्षों का वितरण और विशाल भंडारा (प्रसादी) शामिल हैं।भक्तिमय माहौल में सुबह 11 बजे से कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी।

यह यात्रा दुर्गा मंदिर सतरास्ता से प्रारंभ होकर न्यास कॉलोनी होते हुए कार्यक्रम स्थल वृंदावन गार्डन पहुंचेगी। आयोजकों ने विशेष रूप से माताओं और बहनों से पीले या भगवे रंग की साड़ी पहनकर शामिल होने का आग्रह किया है।

## खबर संक्षेप



### कार्य दिवस की शुरुआत वंदेमातरम से हुई

**हरदा।** प्रत्येक माह के पहले कार्य दिवस की शुरूआत शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगीत वंदेमातरम गायन के साथ होती है। इसी क्रम में सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान का गायन किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

### भारत पर्व के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**हरदा।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस की संध्या पर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। भारत पर्व के प्रभावी आयोजन के लिये कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन को संपूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया है। जबकि सहायक नोडल अधिकारी के रूप में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद हरदा कमलेश पाटीदार रहेंगे।

### मदिरा के विक्रय व संग्रहण के 16 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के बुधवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध तथा होटल व ढाबों पर मदिरापान की रोकथाम के लिये कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकार सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने हरदा जिले के वृत टिमरनी अंतर्गत ग्राम मोहनपुरा, रहटगांव, बढ़झिरी, सिंगोड़ा, मगरधा, जायसवाल ढाबा टिमरनी, मगरधा, आदिवासी ढाबा मगरधा व नकवाड़ा, वृत हरदा अंतर्गत ग्राम कुकरावद, नहाड़िया, बैरागढ़, पीलियाखाल, खेड़ीपुरा, सरदार मोहल्ला, जलसा ढाबा, राजपूत ढाबा, पंचतारा ढाबा, मारवाड़ी राजस्थानी ढाबा, होटल रूद्राक्ष, होटल बागवान, होटल मानसरोवर, होटल हेरिटेज हरदा तथा वृत खिरकिया अंतर्गत धनवाड़ा, ठाकुर ढाबा पड़वा, ठाकुर ढाबा सिराली, पप्पू दा ढाबा सिराली, रोलगांव व सुल्तान में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 81 पाव देशी प्लेन शराब, 24 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 1090 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 16 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 119875 रूपये है।

### पतंगें बिजली लाइनों से दूर उड़ाने की अपील

**हरदा।** आने वाले मकर संक्रांति के त्योहार के मद्देनजर बिजली कंपनी ने पतंगबाजी को बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोल से दूर रखने की अपील की है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया कि पतंगों और उनके धागों के कारण बिजली की लाइनों में फॉल्ट हो सकता है, जिससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि हादसे का भी खतरा बना रहता है। उन्होने स्पष्ट किया कि पतंगों में इस्तेमाल होने वाले धागे और बांस की कीमची, दोनों ही बिजली की लाइनों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि पतंगबाजी करते समय सावधानी बरतें और लाइनों, ट्रांसफार्मरों तथा पोल से दूर पतंग उड़ाएं, ताकि मकर संक्रांति का त्योहार सुरक्षित और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। कंपनी ने यह भी चेतावनी दी है कि बिजली के तारों या पोल में फंसी पतंग को निकालने का प्रयास न करें। इसके अलावा, गिल्ली डंडे का खेल भी बिजली की लाइनों और डीपी से दूर खेलने का अनुरोध किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके और विद्युत आपूर्ति में कोई बाधा न उत्पन्न हो।

# मुख्यमंत्री के परिजन नर्मदा परिक्रमा पर हंडिया पहुंचे, दोनों बेटे सपत्निक और बेटी-दामाद शामिल

## रिद्धनाथ घाट पर नर्मदा की आरती की गई, जिसमें प्रदेश की खुशहाली की कामना की



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के परिजन नर्मदा परिक्रमा के दौरान बुधवार को हरदा जिले के हंडिया पहुंचे। इस धार्मिक यात्रा में उनके दोनों बेटे सपत्निक और बेटी-दामाद शामिल हैं।

उन्होंने प्राचीन रिद्धनाथ मंदिर में भगवान भोलेनाथ का अभिषेक पूजन किया। शाम को रिद्धनाथ घाट पर नर्मदा की आरती की गई, जिसमें प्रदेश की खुशहाली की कामना की गई। यह धार्मिक यात्रा 22 दिसंबर को ओंकारेश्वर से शुरू हुई थी। परिक्रमा में मुख्यमंत्री के छोटे बेटे डॉ. अभिमन्यु और उनकी नवविवाहित पत्नी डॉ. इशिता के साथ बड़े बेटे वैभव यादव, उनकी पत्नी शालिनी यादव, बेटी डॉ. आकांक्षा यादव और दामाद डॉ. आयुष यादव शामिल हैं। डॉ. अभिमन्यु और डॉ. इशिता का विवाह पिछले महीने 30 नवंबर को उज्जैन में एक सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुआ था। शादी के 21 दिन बाद ही यह जोड़ा नर्मदा यात्रा पर निकला है। हंडिया में दर्शन के बाद यह दल हरदा पहुंचा। चूंकि मुख्यमंत्री के बड़े बेटे हरदा जिले के ग्राम रोलगांव के दामाद हैं, इसलिए यादव परिवार ने अपनी बेटी-दामाद और उनके भाई-बहनों का अभिनंदन कर उनकी यात्रा के मंगलमय होने की कामना की। हरदा के सर्किट हाउस में भाजपा नेताओं ने भी मुख्यमंत्री के परिजनों का स्वागत किया। यह नर्मदा परिक्रमा ओंकारेश्वर से प्रारंभ होकर महेश्वर, गरुड़ेश्वर, भरूच, नर्मदा सागर संगम (खंभात की खाड़ी) और अमरकंटक होते हुए पुनः ओंकारेश्वर पहुंचेगी। इस दौरान वे कई धार्मिक स्थलों पर दर्शन-पूजन के साथ सेवा कार्य भी कर रहे हैं, जिसमें नर्मदा घाट पर जरूरतमंदों को कंबल वितरण और दान-दक्षिणा शामिल है।

## थाने पर सैकड़ों महिलाओं का प्रदर्शन, अवैध शराब के खिलाफ फूटा गुस्सा

# लाड़ली बहनें बोलीं: साहब 1500 नहीं चाहिए, गांव शराब मुक्त करवा दो





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील भैरुंदा में प्रशासन से लाड़ली बहने बोली "1500 रुपये नहीं चाहिए, गांव शराबमुक्त चाहिए"—इस बुलंद नारे के साथ सोमवार को ग्राम पंचायत छिदगांव काछी की सैकड़ों लाड़ली बहनें भैरुंदा थाना और तहसील कार्यालय पहुंचीं। महिलाओं ने अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और एसडीएम व थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की।

यह विरोध ऐसे क्षेत्र में हुआ है, जिसे महिलाओं के "मामा" कहे जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का गृह जिला और संसदीय क्षेत्र माना जाता है। इसके बावजूद बुधनी विधानसभा अंतर्गत भैरुंदा तहसील के गांव-गांव में अवैध देशी और कच्ची शराब की खुलेआम बिक्री से महिलाओं में गहरा आक्रोश है।

### एक दर्जन गांवों की महिलाओं ने सौंपे ज्ञापन

तहसील भैरुंदा की लाचोर, पांचोर, गिल्लौर, मानासा, सेमलपानी, निमोटा, बाईबॉडी, हमीफगंज, नयागांव, इटावा कला, इटारसी, राला, तिलाडिया, अकावलिया और चींटीखेड़ा सहित कई गांवों की महिलाओं ने बताया कि वे इससे पहले भी एसडीएम, तहसीलदार और गोपालपुर व भैरुंदा थाना प्रभारी को ज्ञापन दे चुकी हैं। थाना परिसर में धरना देकर शराबबंदी की मांग भी की गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला, ठोस कार्रवाई नहीं हुई। महिलाओं का आरोप है कि नर्मदा तट से लगे गांवों में नदी किनारे खुलेआम कच्ची शराब बनाई व देशी शराब बेची जा रही है। इससे सामाजिक ताना-बाना बिगड़ रहा है, युवा नशे की गिरफ्त में जा रहे हैं और झगड़े, मारपीट व घरेलू हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं। इसका सीधा असर महिलाओं और बच्चों पर पड़ रहा है।

### लाड़ली बहनें 1500 रुपए छोड़ने को भी तैयार

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने दो टूक कहा कि यदि गांवों को शराबमुक्त कराने के लिए जरूरत पड़ी तो वे लाड़ली बहना योजना की 1500 रुपये की सहायता राशि भी छोड़ने को तैयार हैं। महिलाओं का कहना था कि पैसों से ज्यादा जरूरी बच्चों का भविष्य, परिवार की शांति और गांवों का सुरक्षित माहौल है।

### पढ़ाई और रोजी-रोटी पर मार

महिलाओं ने बताया कि मजदूरी और खेती से होने वाली आय शराब में बह रही है। बच्चे पढ़ाई से दूर हो रहे हैं, परिवार आर्थिक तंगी में फंस रहे हैं और अपराध व असामाजिक गतिविधियों का खतरा बढ़ रहा है।

### विधायक के क्षेत्र में भी सवाल

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि क्षेत्र के विधायक रमाकांत भार्गव होने के बावजूद अवैध शराब पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा। इससे साफ है कि शराब माफिया प्रशासनिक कार्रवाई से बेखौफ हैं। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अवैध शराब बिक्री पर सख्त कार्रवाई और नियमित छापेमारी नहीं हुई तो शराब की सप्लाई गाड़ी गांव के अन्दर नहीं आने देंगे, साथ ही विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# देश की खुशहाली की कामना की साल के अंतिम दिन मंदिरों में हुआ हनुमान चालीसा का पाठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

साल के अंतिम दिन बुधवार शाम को हनुमान मंदिरों सहित अन्य मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। नए साल की पूर्व संध्या पर सनातनी बंधुओं ने देश की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना के साथ यह आयोजन किया।शहर के सभी मंदिरों में शाम 7 बजे से विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने एक साथ पांच-पांच बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस पहल का उद्देश्य युवा पीढ़ी को नई दिशा देना था। सर्व ब्राह्मण समाज वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने बताया कि ब्राह्मण समाज द्वारा पिछले चार सालों से क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और धर्म जागरण के उद्देश्य से साप्ताहिक सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में वर्ष के अंतिम दिन भी प्रमुख हनुमान मंदिरों में सामूहिक पाठ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सर्व समाज के लोगों ने सर्वधर्म समभाव और सनातन धर्म के मूल संस्कारों तथा विचारधारा के तहत 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश दिया। संस्था के अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने कहा कि वर्तमान में नई पीढ़ी पर पश्चिमी सभ्यता का प्रभाव बढ़ रहा है। इसके कारण बच्चे अपनी संस्कृति, धर्म और संस्कारों के प्रति लापरवाह होते जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि साल के अंतिम दिन युवा ईश्वर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के बजाय देर रात की पार्टियों, नशे और मांसाहार जैसे आयोजनों में शामिल होते हैं।उन्हें सनातन संस्कृति से जोड़ने रखने और भगवत भक्ति से जोडने जिले के सैकड़ों मन्दिरों में सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है।

# नए साल के पहले दिन रेलकर्मी ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस



**हरदा।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक रेलवे कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 32 वर्षीय युवक ने नए साल के पहले दिन यह कदम उठाया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान वार्ड 28 की जोशी कॉलोनी, गली नंबर 4 निवासी सचिन पिता अमरदास दमाड़े (32) के रूप में हुई है। सचिन रेलवे में पॉइंट्समैन के पद पर कार्यरत थे। बुधवार को उन्होंने शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक ड्यूटी की थी, जिसके बाद वे घर लौटे और घर की गैलरी में फांसी लगा ली। सुबह जब उनकी वृद्ध मां उठीं, तो उन्होंने अपने इकलौते बेटे को फांसी के फंदे पर लटका देखा। इसके बाद उन्होंने परिजनों और आसपास के लोगों को सूचना दी। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी अपने दोनों बेटों (चार और छह साल के) को लेकर इटारसी स्थित मायके गई हुई थी। आगामी 23 जनवरी को मृतक की साली की शादी होने वाली थी इसलिए पत्नी मायके गई हुई थी। सचिन अपनी मां के साथ घर पर थे। वह तीन बहनों के इकलौते भाई थे। उन्हें अपने पिता के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति मिली थी और वे पिछले छह-सात सालों से रेलवे में कार्यरत थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या के कारण का खुलासा नहीं हो सका है, पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है।

# पाटलिपुत्र एक्सप्रेस से गिरी महिला, गंभीर घायल

**हरदा।** जिले में गुरुवार सुबह करीब साढ़े दस बजे खंडवा से इटारसी जा रही पाटलिपुत्र एक्सप्रेस से एक महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को पहले टिमरनी अस्पताल और फिर जिला अस्पताल हरदा लाया गया, जहां से उसे भोपाल रेफर किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना उस समय हुई जब पाटलिपुत्र एक्सप्रेस खंडवा से इटारसी की ओर जा रही थी। ट्रेन से अचानक एक महिला गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद महिला को तत्काल उपचार के लिए टिमरनी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल हरदा रेफर किया गया। फिलहाल घायल महिला की पहचान नहीं हो पाई है। डॉक्टरों के अनुसार महिला की उम्र लगभग 25 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। जिला अस्पताल हरदा के डॉक्टर मनीष शर्मा ने बताया कि महिला के सिर और गर्दन में गंभीर चोटें आई हैं। जिला अस्पताल में उसका प्राथमिक उपचार किया गया। डॉ. मनीष शर्मा के अनुसार महिला को सांस लेने में परेशानी हो रही थी, जिस कारण उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एम्बुलेंस के माध्यम से भोपाल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि महिला के परिजन ट्रेन से इटारसी पहुंच गए हैं और वहां से वापस हरदा के लिए रवाना हो रहे हैं।

## कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा

# नागरिकों में सहभागिता बढ़ाने 14 से 28 तक जिले में मनाया जाएगा आनंद उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

नागरिकों में सहभागिता एवं उत्साह को बढ़ाने के उद्देश्य से आगामी 14 से 28 जनवरी तक आनन्द उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 14 से 24 जनवरी तक तथा द्वितीय चरण में विकासखण्ड स्तर पर 24 से 28 जनवरी तक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

आनन्द उत्सव के दौरान कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, बोरी रेस, चेयर रेस, सितोलिया, चम्मच दौड़, नींबू दौड़ जैसी खेलकूद गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। इसके साथ ही लोक संगीत, नृत्य, गायन, भजन, कीर्तन जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। जारी दिशा निर्देश अनुसार इन कार्यक्रमों में 50 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को भी शामिल किया जाएगा।

कार्यक्रम आयोजन से पूर्व इन आयोजनों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिये गये है ताकि अधिक से अधिक लोग आनन्द उत्सव कार्यक्रमों में शामिल हो सके। आनन्द उत्सव की रूपरेखा निर्धारित करने के लिये कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है। समिति में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, एसडीएम, जिला खेल अधिकारी, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण, आनन्दम सहयोगी तथा नेहरू युवा केन्द्र व जन अभियान परिषद के अधिकारी भी शामिल किये गये हैं।

आनन्द उत्सव आयोजन के बाद एक फोटो वीडियो प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी, जिसमें आनन्द उत्सव से जुड़े फोटो शामिल किये जायेंगे। फोटो वीडियो प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 25 हजार, द्वितीय 15 हजार व तृतीय पुरस्कार 10 हजार रूपये दिया जायेगा। फोटो वीडियो प्रतियोगिता से संबंधित फोटो आनन्द संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने होंगे।

## मुखबिर की सूचना पर पिपलिया मीरा के खेत में पुलिस की दबिश

# खेत की रखवाली नहीं, नशे की खेप छिपाकर बैठा था आरोपी, 10 किलो गांजा बरामद किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा दिए गए नववर्ष को लेकर दिशा निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने ग्राम पिपलिया मीरा में एक खेत पर दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया है।

आरोपी खेत की आड़ में गांजे की खेप छुपाकर बैठा था, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर रंगे हाथों दबोच लिया। जब्त किए गए 10 किलो 610 ग्राम गांजे की अनुमानित कीमत 1 लाख 6 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार नववर्ष के मद्देनजर जिले भर में अवैध शराब और मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 30 दिसंबर को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि ग्राम पिपलिया मीरा-बडनगर रोड पर चंपालाल के खेत में एक व्यक्ति अवैध गांजे के साथ मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए बताए गए स्थान पर दबिश दी। वहां एक व्यक्ति खेत में एक बोरी लिए बैठा हुआ था। संदिग्ध लगने पर जब पुलिस ने उसकी घेराबंदी कर बोरी की तलाशी ली तो उसमें बड़ी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।

**एक लाख से अधिक की खेप :**पुलिस ने आरोपी के पास से कुल 10 किलो 610 ग्राम अवैध गांजा जप्त किया है। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस नशे की खेती या सप्लाई के पीछे और कौन-कौन से चेहरे शामिल हैं। अंदेशा जताया जा रहा है कि यह खेप नववर्ष पर होने वाले आयोजनों में सप्लाई की जानी थी। नशे के विरुद्ध इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी रविन्द्र यादव, उप निरीक्षक रामबाबू राठौर, प्रधान आरक्षक पंकज यादव, आरक्षक वीरेंद्र सिंह, आरक्षक चेतन चौहान, आरक्षक दीपक जाट, आरक्षक संजय शर्मा और सैनिक कमलेश की सराहनीय भूमिका रही।

# किराना दुकान में की चोरी शटर उचकाकर माल उड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम हीरापुर में मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए एक किराना दुकान को अपना निशाना बनाया। चोर दुकान का ताला तोडक़र अंदर घुसे और वहां रखा करीब ढाई लाख रुपये कीमत का कीमती सामान व नकदी समेटकर फरार हो गए। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलकिसगंज रोड स्थित हीरापुर जोड़ पर रूप सिंह परमार की किराना दुकान संचालित है। रूप सिंह के पिता रामचरण परमार पेशे से किसान हैं और परिवार इस दुकान के जरिए अपनी आजीविका चलाता है। मंगलवार की रात चोरों ने सूनी दुकान के शटर का ताला चटकाया और भीतर प्रवेश किया। बुधवार सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे, तब चोरी की घटना का पता चला। पीड़ित परिवार के अनुसार इस चोरी से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

### ड्राई फ्रूटर्स और नकदी पर हाथ साफ

चोरों ने दुकान से चुन चुनकर कीमती सामान चोरी किया है। चोरी गए माल में 50 किलो काजू-बादाम, 50 किलो सुपारी, पान मसाला और गुटखे के कई बोरे सहित बीड़ी की एक पेटी शामिल है। इसके अलावा चोर गल्ले में रखी करीब 3000 रुपये की चिल्लर, हजारों रुपये कीमत का खाद्य तेल और 10 व 20 रुपये के नोटों के रूप में रखे करीब तीन से चार हजार रुपये भी ले उड़े। पीड़ित दुकानदार के अनुसार चोरों ने ढाई लाख रुपये के माल पर हाथ साफ किया है।